Monthly Summary of Ministry of Petroleum and Natural Gas for the month of July, 2022

Marketing operations

1. Nearly 12 lakh new LPG connections were issued in the month of July, 2022 by Oil Marketing Companies (OMCs). As on 31st July, 2022, the Ministry has approved release of additional 60 lakh LPG connections under PMUY (Ujjwala 2.0). Against this, OMCs have released 45.4 lakh connections so far.

2. In LPG, the number of LoIs issued and distributorships commissioned, during the month are 01 and 06 respectively.

3. As on 28.07.2022, total 29244 retail outlets have been solarised.

4. In the month of July, 2022 prices of petrol remained unchanged at Rs.96.72/litre (in Delhi). Similarly, prices of diesel remained unchanged at Rs.89.62/litre (in Delhi).

5. Price of domestic LPG cylinder increased to Rs. 1053 per cylinder (in Delhi) during the month of July.

6. Government has revised Special Additional Excise Duty/ Road Infrastructure Cess on exports on Petrol from Rs. 6 per litre (on 01.07.2022) to Nil (on 20.07.2022).

7. Oil Marketing Companies have incurred a cumulative loss (before tax) for the first quarter of 2022-23 amounting to Rs. 23,799 Crore, as against a profit before tax of Rs. 14,642 Crore in the 4th Qtr of 2021-22. This loss is on account of under recoveries in Petrol, Diesel & LPG.

Crude oil

8. Domestic crude oil production during July, 2022 was 2456 Thousand Metric Tonnes (TMT), showing 94.6% achievement over the target (2598 TMT) for the month and 96.4% achievement over the production (2549 TMT) in July, 2021.

9. During July, 2022, the price of the Indian Basket of Crude oil varied between $99.76 and $112.42 per barrel, with the average price as $105.49 per barrel, which is 9.07% lower than the average price of $116.01 per barrel for June, 2022.

Gas supply

10. Natural Gas production during July, 2022 was 2891 MMSCM, showing 97.0% achievement over the target (2982 MMSCM) for the month and 99.9% achievement over the production (2894 MMSCM) in July, 2021.

11. As on 31.05.2022, a total of approx. 95.21 lakhs PNG Domestic Piped Connections have been provided.

12. Hon’ble Minister Shri Hardeep Singh Puri, MoP&NG virtually inaugurated 166 CNG Stations set up by GAIL India in 14 States & unveiled plaques by pressing the button.

Biofuels and Ethanol blending

13. For the Ethanol Supply Year (ESY) 2021-22, Oil Marketing Companies (OMCs) had floated a tender for 459 crore litres of Ethanol, against which LoIs for 450.12 crore litres of Ethanol have been issued upto 24.07.2022. OMCs' have received 299.1 crore litres ethanol enabling 10.32% blending for the month of July (till 31.07.2022) and cumulative blending of 10.16%.

14. For the month, 79 Letters of Intent (LoIs) have been issued under SATAT scheme for CBG production, bringing the total to 3497 LoIs. Ten CBG plants have become operational during the month. A total of 37 CBG plants are now operational across the country.

Reducing Import Dependency

15. Import dependence on oil and oil equivalent gas is 78.2% during April-June, 2022 (FY 2022-23). Self-sufficiency in Oil and Gas production is 21.8% as of April-June, 2022 (FY 2022-23).

GeM procurement

16. Oil PSUs procured items worth Rs.9778.11 Crs through GeM portal till 31st July, 2022. 100% procurement is being done through GeM for items that are available on the portal.

International Cooperation

17. Hon’ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs had a virtual meeting with HE Dr. Sultan Ahmed Al Jaber, Minister of Industry and Advanced Technology, Managing Director & Group CEO Abu Dhabi National Oil Company (ADNOC) on 6th July 2022. The meeting was a follow up to the visit of Hon’ble Prime Minister of India to UAE in June 2022. Discussions were held on further deepening strategic energy partnership between ADNOC and Indian oil companies.

18. Hon’ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs had a meeting on 07th July 2022 with Colombian Ambassador, HE Ms Mariana Pacheco Montes & a delegation of the Ecopetrol group. Talks were held on prospective

engagement opportunities for crude oil sourcing and investments in new & emerging fuels like Biofuels and Green Hydrogen between Ecopetrol and oil companies from India.

19. Hon'ble Minister of Petroleum and Natural Gas & Housing and Urban Affairs attended the 2022 Edition of BP Energy Outlook on 19th July 2022 where Hon'ble Minister addressed the global energy sector professionals and discussed the future of global energy sector and India's energy scenario.

20. Secretary, Petroleum and Natural Gas had a virtual meeting on 14th July 2022 with US Treasury Assistant Secretary, Ms Elizabeth Rosenberg and discussed modalities of price caps on Russian crude oil to be imposed by G7 countries.

21. Secretary Petroleum and Natural Gas had a meeting on 26th July 2022 with H.E. Dr. Shankar P. Sharma, Ambassador of Nepal and discussed India's Infrastructural investments in hydrocarbon trade to meet Nepal's domestic demand.

22. For strengthening India's energy security, Cabinet approved additional investment by Bharat PetroResources Ltd., a subsidiary of BPCL for development of BM SEAL-11 project in Brazil. Expected start of production is from 2026-27.

23. Secretary Petroleum & Natural Gas met with Russian Ambassador to India, Denis Alipov on 28th July 2022. Secretary raised the difficulty which GAIL was facing on account of default in supply of cargoes from GMTS (subsidiary of Gazprom). Both agreed to continue to develop the energy bridge between the two sides.

24. The Ministry at the level of Secretary, MoPNG along with Directorate General of Hydrocarbon (DGH), organised an Investor Meet in London on 7-8th July, 2022. The objective of the Investors Meet was to provide a platform for creating awareness about the E&P opportunities in India, for understanding investor concerns and for sharing the steps taken by DGH and MoP&NG in addressing those concerns. The event was graced by the presence of Hon'ble Minister Shri Hardeep Singh Puri, MoP&NG (virtually).

Infrastructure Development

25. Total 14 Oil & Gas infrastructure projects valued at Rs. 1539.97 Cr. of ONGC, IOCL, HPCL, BPCL, CPCL and NRL have been completed during the month.

26. Hon'ble Prime Minister inaugurated energy infrastructure projects in Jharkhand including Bokaro Angul section of Jagdishpur-Haldia-Bokaro-Dharma pipeline of GAIL India, HPCL and BPCL LPG Bottling Plants in Hazaribagh & Bokaro respectively.

27. Hon'ble Prime Minister also laid foundation stone of Parbatpur Gas Collecting Station, Jharia Block, Coal Bed Methane (CBM), asset of ONGC.

Miscellaneous

28. Reiterating the commitment of Ease of Doing Business (EoDB), Ministry of Petroleum & Natural Gas is now on National Single Window System (NSWS) for the grant of market authorisation for retail/bulk sales of MS & HSD.

29. Hon'ble Minister, PNG & UA held a meeting with the Green Hydrogen Companies on 04th July, 22 and discussed their future plans for setting up plants for Green Hydrogen production in the country.

******

जुलाई, 2022 माह के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का मासिक सारांश

विपणन प्रचालन

1. तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) द्वारा जुलाई, 2022 माह में लगभग 12 लाख नए एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं। दिनांक 31 जुलाई, 2022 की स्थिति के अनुसार, मंत्रालय ने पीएमयूवाई (उज्ज्वला 2.0) के तहत 60 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन जारी करने को मंजूरी दी है। इसकी तुलना में, ओएमसीज ने अब तक 45.4 लाख कनेक्शन जारी किए हैं।

2. एलपीजी में, माह के दौरान जारी किए गए एलओआईज और चालू की गई डिस्ट्रीब्यूटरशिप की संख्या क्रमशः 01 और 06 है।

3. दिनांक 28.07.2022 की स्थिति के अनुसार, कुल 29244 खुदरा बिक्री केन्द्रों को सौर ऊर्जा से युक्त किया जा चुका है।

4. जुलाई, 2022 में पेट्रोल के मूल्य 96.72 रुपये/लीटर (दिल्ली में) पर यथावत बने हुए है। इसी प्रकार, डीजल के मूल्य 89.62 रुपये/लीटर (दिल्ली में) पर यथावत बने हुए हैं।

5. जुलाई माह के दौरान घरेलू एलपीजी सिलेंडर का मूल्य बढ़कर 1053 रुपए प्रति सिलेंडर (दिल्ली में) है।

6. सरकार ने पेट्रोल निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क/सड़क अवसंरचना उप कर में 6 रुपये प्रति लीटर (01.07.2022 को) से शून्य (20.07.2022 को) पर संशोधित किया है।

7. तेल विपणन कंपनियों को वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 14,642 करोड़ रुपए के कर पूर्व लाभ की तुलना में वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के लिए कुल 23,799 करोड़ रुपये की संचयी हानि (कर पूर्व लाभ) हुई है। यह नुकसान पेट्रोल, डीजल और एलपीजी पर अल्प-वसूली के कारण हुआ है।

कच्चा तेल

8. जुलाई, 2022 के दौरान घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन 2456 हजार मीट्रिक टन (टीएमटी) था, जो माह के लक्ष्य (2598 टीएमटी) पर 94.6% उपलब्धि और जुलाई, 2021 में उत्पादन (2549 टीएमटी) पर 96.4% उपलब्धि दर्शाता है।

9. जुलाई, 2022 के दौरान, कच्चे तेल की भारतीय बास्केट का मूल्य 99.76 डालर और 112.42 डालर प्रति बैरल के बीच था, औसत मूल्य 105.49 डालर प्रति बैरल रहा, जो जून, 2022 माह के लिए 116.01 डालर प्रति बैरल के औसत मूल्य से 9.07% कम है। .

गैस आपूर्ति

10. जुलाई, 2022 के दौरान प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2891 एमएमएससीएम था, जो माह के लिए लक्ष्य (2982 एमएमएससीएम) पर 97.0% उपलब्धि और जुलाई, 2021 में उत्पादन (2894 एमएमएससीएम) पर 99.9% उपलब्धि दर्शाता है।

11. दिनांक 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार, कुल लगभग 95.21 लाख पीएनजी घरेलू पाइप कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

12. माननीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी, एमओपीएनजी ने 14 राज्यों में गेल इंडिया द्वारा स्थापित 166 सीएनजी स्टेशनों का वर्चूयल रूप से उद्घाटन किया और बटन दबाकर पट्टिकाओं का अनावरण किया।

जैव ईंधन और एथेनॉल मिश्रण

13. एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2021-22 के लिए, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने 459 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए निविदा जारी की थी, जिसके संबंध में दिनांक 24.07.2022 तक 450.12 करोड़ लीटर एथेनॉल के लिए एलओआईज जारी किए गए हैं। ओएमसीज ने 299.1 करोड़ लीटर एथेनॉल प्राप्त किया है जो जुलाई माह के लिए (31.07.2022 तक) 10.32% मिश्रण और 10.16% का संचयी मिश्रण रहा है।

14. माह के लिए, सीबीजी उत्पादन के लिए एसएटीएटी योजना के तहत 79 आशय पत्र (एलओआईज) जारी किए गए हैं, जिससे कुल एलओआईज की संख्या 3497 हो गई है। माह के दौरान दस सीबीजी संयंत्र चालू हो गए हैं। देश भर में अब कुल 37 सीबीजी संयंत्र चालू हैं।

आयात निर्भरता को कम करना

15. अप्रैल-जून, 2022 (वित्त वर्ष 2022-23) के दौरान तेल और तेल समतुल्य गैस पर आयात निर्भरता 78.2% है। अप्रैल-जून, 2022 (वित्त वर्ष 2022-23) तक तेल और गैस उत्पादन में आत्मनिर्भरता 21.8% है।

जेम अधिप्राप्ति

16. सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों ने 31 जुलाई, 2022 तक जेम पोर्टल के माध्यम से 9778.11 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुओं की अधिप्राप्ति की। पोर्टल पर उपलब्ध वस्तुओं के लिए जेम के माध्यम से 100% अधिप्राप्ति की जा रही है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग

17. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने महामहिम डॉ सुल्तान अहमद अल जाबेर, उद्योग और उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) प्रबंध निदेशक और समूह सीईओ के साथ दिनाँक 6 जुलाई 2022 को एक आभासी (वर्चुअल) बैठक की। यह बैठक जून 2022 में भारत के माननीय प्रधान मंत्री की संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के लिए एक अनुवर्ती बैठक थी। एडीएनओसी और भारतीय तेल कंपनियों के बीच कार्यनीतिक ऊर्जा साझेदारी को और अधिक पुख्ता करने पर चर्चा हुई।

18. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने कोलंबियाई राजदूत, महामहिम सुश्री मारियाना पाचेको मोंटेस और इकोपेट्रोल समूह के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दिनाँक 07 जुलाई 2022 को एक बैठक की। भारतीय तेल कंपनियों और इकोपेट्रोल के बीच कच्चे तेल की सोर्सिंग और जैव ईंधन एवं हरित हाइड्रोजन जैसे नए और उभरते ईंधन विकल्प में निवेश के संभावित अवसरों पर बातचीत हुई।

19. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने दिनाँक 19 जुलाई 2022 को बीपी एनर्जी आउटलुक के वर्ष 2022 संस्करण में भाग लिया जहाँ माननीय मंत्रीजी ने वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र के पेशेवर व्यक्तियों को संबोधित किया एवं वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य और भारत की ऊर्जा परिदृश्य पर परिचर्चा की।

20. सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दिनाँक 14 जुलाई 2022 को अमेरिकी ट्रेजरी सहायक सचिव, सुश्री एलिजाबेथ रोसेनबर्ग के साथ एक आभासी बैठक की और रूसी कच्चे तेल पर जी-7 देशों द्वारा लगाए जाने वाले मूल्य प्रतिबंध के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

21. सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 26 जुलाई 2022 को महामहिम डॉ. शंकर पी. शर्मा, नेपाल के राजदूत के साथ बैठक की एवं नेपाल की घरेलू माँग को पूरा करने के लिए हाइड्रोकार्बन व्यापार में भारत के अवसंरचनात्मक निवेश पर परिचर्चा की।

22. भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के निमित्त कैबिनेट ने ब्राजील में बीएम एसईएएल-11 परियोजना के विकास के लिए बीपीसीएल की सहायक

कंपनी भारत पेट्रोरिसोर्स लिमिटेड द्वारा अतिरिक्त निवेश को मंजूरी दी। वर्ष 2026-27 से उत्पादन की शुरुआत होने की संभावना है।

23. सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दिनाँक 28 जुलाई 2022 को भारत में रूसी राजदूत, डेनिस अलीपोव से मुलाकात की। सचिव महोदय ने जीएमटीएस (गज़प्रोम की सहायक कंपनी) से कार्गो की आपूर्ति में चूक के कारण गेल द्वारा सामना की जा रही कठिनाई का मामला उठाया। दोनों पक्षों ऊर्जा वार्ता को जारी रखने पर सहमत हुए।

24. मंत्रालय ने सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के स्तर पर हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के साथ दिनाँक 7-8 जुलाई, 2022 को लंदन में एक निवेशक मंडल बैठक का आयोजन किया। निवेशक मंडल बैठक का उद्देश्य भारत में ईएंडपी के अवसरों के निमित्त जागरूकता पैदा करना, निवेशकों की चिंताओं को समझने और उन चिंताओं को दूर करने के लिए डीजीएच और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में श्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री उपस्थित (आभासी रूप से) थे।

अवसंरचनात्मक विकास

25. माह के दौरान ओएनजीसी, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, सीपीसीएल और एनआरएल द्वारा 1539.97 करोड़ रुपए लागत के कुल 14 तेल और गैस अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है।

26. माननीय प्रधान मंत्री ने झारखंड में ऊर्जा अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिसमें गेल इंडिया की जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन का बोकारो-अंगुल खंड, हजारीबाग और बोकारो में क्रमशः एचपीसीएल और बीपीसीएल एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र शामिल हैं।

27. माननीय प्रधान मंत्री ने ओएनजीसी की परिसंपत्ति परबतपुर गैस कलेक्टिंग स्टेशन, झरिया ब्लॉक, कोल बेड मीथेन (सीबीएम) की नींव भी रखी।

विविध

28. व्यापार करने में सुगमता (ईओडीबी) के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, अब एमएस और एचएसडी की खुदरा/ थोक बिक्री के लिए बाजार प्राधिकरण के अनुदान के निमित्त राष्ट्रीय एकल पटल प्रणाली (एनएसडब्ल्यूएस) पर उपलब्ध है।

29. माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री और यूए ने दिनाँक 4 जुलाई, 2022 को हरित हाइड्रोजन कंपनियों के साथ एक बैठक की और देश में

हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए संयंत्र स्थापित करने के निमित्त उनकी भावी योजनाओं पर चर्चा की

******